Madhya Pradesh Medical Science University, Jabalpur

BAMS 1st Prof. Examination Sep-2023

Subject- Padarth Vigyan (New Scheme)

Paper-II

Paper Code- 23AA0000101401

Time:3 Hours | **Maximum Marks:100**

नोट:-
1. सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।
2. प्रश्नों का भाग क्रमानुसार उचित वर्णन करें।
3. प्रश्न पत्र के खाली भाग पर कुछ भी न लिखें अन्यथा अनुचित साधन का प्रयोग माना जायेगा।
4. विद्यार्थी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी अथवा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लिख सकते हैं।

(1x20=20)

प्र.1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1- "द्विविधमेव खलु सर्वं सच्चासच्च" कहा है –
(अ) चरक संहिता (ब) सुश्रुत संहिता (स) सांख्य दर्शन (द) तर्क संग्रह मे

2- जिस ज्ञान में यह प्रतीत होता है कि यह एक वस्तुमात्र है, उसे क्या कहते है –
(अ) सविकल्पक प्रत्यक्ष (ब) निर्विकल्पक प्रत्यक्ष (स) अनुमान (द) युक्ति

3- अन्तःकरण किसे कहते है ?
(अ) मन (ब) बुद्धि (स) अहंकार (द) उपरोक्त सभी

4- 'अनुमान' शब्द में 'अनु' का क्या अर्थ है ?
(अ) पूर्व (ब) पश्चात (स) सूक्ष्म (द) गुरु

5- कारण को देखकर कार्य का अनुमान करना कौन सा अनुमान है –
(अ) पूर्ववत (ब) शेषवत (स) सामान्यतोदृष्ट (द) कोई नहीं

6- युक्ति प्रमाण में किस काल का ज्ञान होता है –
(अ) वर्तमान (ब) भूत (स) भविष्य (द) तीनों का

7- अर्थापत्ति को स्वतंत्र प्रमाण के रूप में किसने माना है –
(अ) प्रभाकर (ब) मीमांसक (स) वेदान्त (द) तीनों में

8- स्यादवाद सिद्धान्त किसकी देन है –
(अ) जैन दर्शन (ब) बौद्ध दर्शन (स) चार्वाक (द) वेदान्त दर्शन

9- पीलूपाक में 'पीलू' का अर्थ है –
(अ) पदार्थ (ब) अग्नि (स) परमाणु (द) सूक्ष्म

10- ऋतु, भूमि, जल और बीज के संयोग से अंकुर उत्पत्ति यह उदाहरण है –
(अ) आप्तोपदेश (ब) प्रत्यक्ष (स) अनुमान (द) युक्ति प्रमाण

11- मृत्यु के बाद पुनर्जन्म होता है यह कौन सा शब्द है –
(अ) दृष्टार्थ (ब) अदृष्टार्थ (स) सत्य (द) अनृत

12- कार्य को देखकर कारण का अनुमान है?
(अ) पूर्ववत् (ब) शेषवत् (स) सामान्यतोदृष्ट (द) इनमें से कोई नही

13- 'युक्तिस्त्रिकाला सा ज्ञेया............साध्यते यया'।। पूर्ण करें
(अ) त्रिगुणः (ब) चतुर्गुणः (स) त्रिवर्गः (द) चतुवर्गः

14- 'गोसदृशो गवयः' किस प्रमाण का उदाहरण है?
(अ) प्रत्यक्ष (ब) अनुमान (स) उपमान (द) युक्ति

15- अर्थापत्ति प्रमाण का अन्तर्भाव किस प्रमाण में किया जाता है
(अ) प्रत्यक्ष (ब) अनुमान (स) आप्तोपदेश (द) युक्ति

16- एतिह्यं नाम .... वेदादिः?
(अ)आप्तोपदेशो (ब) प्रत्यक्षो (स) अनुमानो (द) युक्तिः

17- प्रसिद्ध वस्तु के साध्यर्य से अप्रसिद्ध वस्तु का ज्ञान कराने वाला प्रमाण है
(अ) अनुमान (ब) उपमान (स) युक्ति (द) इनमें से कोई नही

18- आचार्य चरक ने सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक माना है

(अ) द्रव्यज्ञ (ब) गुणज्ञ (स) द्रव्यगुणज्ञ (द) युक्तिज्ञ

19- व्यंगात्मक वृत्ति है?

(अ) अविधा (ब) व्यंजना (स) लक्षणा (द) तात्पर्याख्या

20- निम्नलिखित में से कौन सा पंचावयव वाक्य में है ?

(अ) पक्ष (ब) सपक्ष (स) निगमन (द) उपमान

2. **लघुउत्तरीय प्रश्न। प्रत्येक प्रश्न करना अनिवार्य है।** **(08×05=40)**

a. इन्द्रियार्थ सन्निकर्ष का वर्णन करें?

b. कार्य और कारण का लक्षण बताते हुए कारण के भेद बतायें?

c. उपमान प्रमाण का लक्षण और आयुर्वेद में महत्व बतायें?

d. प्रत्यक्ष के बाधक कारण बतायें?

e. परीक्षा को परिभाषित कर प्रमा, प्रमेय, प्रमाता को समझाइये।

f. त्रिविध प्रमाणों में अन्य प्रमाणों का समावेश बताइये।

g. आप्तोपदेश एवं आप्त के लक्षण लिखिये।

h. पंचावयव को स्पष्ट करें।

3. **दीर्घउत्तरीय प्रश्न। प्रत्येक प्रश्न करना अनिवार्य है।** **(04×10=40)**

a. प्रत्यक्ष प्रमाण के लक्षण एवं भेद लिखकर प्रत्यक्ष अनुपलब्धि करण (Hindrances in direct perception) लिखिये।

b. युक्ति प्रमाण के लक्षण सोदाहरण बताते हुये उसकी चिकित्सकीय एवं अनुसंधानात्मक उपयोगिता लिखें।

c. अनुमान प्रमाण का निदान चिकित्सा एवं औषधि निर्माण में उपयोगिता का वर्णन करें?

d. सत्कार्यवाद और असत्कार्यवाद का विस्तृत वर्णन करें।